‘एनएफएसए के लयि राज्य रैंकगि सूचकांक’ में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर

चर्चा में क्यों?

5 जुलाई, 2022 को जारी ‘एनएफएसए के लयि राज्य रैंकगि सूचकांक’ के पहले संस्करण में उत्तर प्रदेश पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। इस सूचकांक में ओडिशा पहले स्थान पर है।

प्रमुख बदुि

- केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनकि वतिरण, वस्त्र और वाणज्यि एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ‘एनएफएसए के लयि राज्य रैंकगि सूचकांक’ का पहला संस्करण जारी कयि।
- सामान्य श्रेणी के राज्यों में ‘एनएफएसए के लयि राज्य रैंकगि सूचकांक’ में ओडिशा 836 स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पर है, जबकि उत्तर प्रदेश 0.797 स्कोर के साथ दूसरे और आंध्र प्रदेश 0.794 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर है।
- वशिष श्रेणी के राज्यों/केंद्रशासति प्रदेशों में त्रपिुरा 788 स्कोर के साथ पहले स्थान पर है। उसके बाद हमािचल प्रदेश 0.758 स्कोर के साथ दूसरे और सक्किमि 0.710 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर है।
- इसके अलावा तीन केंद्रशासति प्रदेशों में, जहाँ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) नकद संचालति है, दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव 802 स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पर हैं।
- यह सूचकांक राज्यों के साथ परामर्श के बाद देश भर में एनएफएसए के कार्यान्वयन और वभिन्नि सुधार पहलों की स्थति और प्रगति का दस्तावेजीकरण करने का प्रयास करता है।
- यह राज्यों और केंद्रशासति प्रदेशों द्वारा कयि गए सुधारों पर प्रकाश डालता है तथा सभी राज्यों और केंद्रशासति प्रदेशों द्वारा एक क्रॉस-लर्नगि वातावरण और स्केल-अप सुधार उपायों का नर्मािण करता है।
- वर्तमान सूचकांक काफी हद तक एनएफएसए वतिरण पर केंद्रति है और इसमें भवष्यि में खरीद, पीएमजीकेएवाई वतिरण शामलि होगा।
- राज्यों और केंद्रशासति प्रदेशों की रैंकगि के लयि सूचकांक तीन प्रमुख स्तंभों पर बनाया गया है, जो टीपीडीएस के माध्यम से एनएफएसए के एंड-टू-एंड कार्यान्वयन को कवर करता है। ये स्तंभ हैं- **i)** एनएफएसए- कवरेज, लक्ष्यीकरण और अधनियिम के प्रावधान, **ii)** डलिीवरी प्लेटफॉर्म, और **iii)** पोषण संबंधी पहल।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-ranking-index-for-nfsa-